Ontario

NEWS RELEASE

2012 ONTARIO BUDGET

MINISTRY of FINANCE

ओन्टारियो के लिए सशक्त कारवाई

बजट को संतुलित करने, नौकरियों का सृजन करने, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल को संरक्षित करने के लिए एक योजना

समाचार मार्च 27, 2012

ओन्टारियो के सन् 2012 के बजट (2012 Ontario Budget) में एक घाटा उन्मूलन योजना शामिल है जो कार्यक्रमों पर होने वाले व्यय को घटाती है और लागतों को अगले तीन वर्ष तक $17.7 बिलियन तक सीमित रखती है, जबकि बिना कोई टैक्स (कर) लगाए राजस्व में $4.4 बिलियन की वृद्धि करती है।

यह एक गंभीर दौर में की गई गंभीर कारवाई है और ओन्टारियो को सन् 2017–18 तक घाटा उन्मूलन के लिए सही राह पर लाती है।

ओन्टारियो सरकार द्वारा ख़र्च किए जाने वाले प्रत्येक डॉलर में से 50 सेंट से भी ज्यादा विस्तृत सार्वजनिक क्षेत्र में शिक्षकों (शिक्षिकाओं), डॉक्टरों एवं अन्य लोगों के मुआवज़े के भुगतान पर खर्च किया जाता है। प्रांत (Province) द्वारा जिस गंभीर वित्तीय चुनौती का सामना किया जा रहा है, उसे ध्यान में रखते हुए, यदि सरकार को वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करना है और पिछले आठ वर्षों के दौरान शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राप्त की गई उपलब्धियों को संरक्षित करना है, तो मुआवज़े की लागत को प्रबंधित करना होगा।

सामूहिक सौदेबाज़ी की प्रक्रिया का सम्मान किया जाएगा। जहाँ पर समझौते के बारे में वार्ता नहीं की जा सकती, वहाँ योजना की दृष्टि से बजट को संतुलित करना और प्राथमिकता वाली सेवाओं को संरक्षित करना संगत होगा, सरकार आवश्यक प्रशासनिक और वैधानिक उपायों को प्रस्तावित करने के लिए तैयार है।

सार्वजनिक क्षेत्र के निवृत्ति वेतनों (पैंशन्स) को करदाताओं के लिए अधिक सामर्थ्य अनुकूल एवं निवृत्ति वेतन योजना के सदस्यों के लिए दीर्घकालिक बनाने के अनेक उपायों को प्रस्तुत करने का मंशा रखती है। उदाहरण के तौर पर, जहाँ पर निवृत्ति वेतनों के कारण घाटा हो रहा है, वहाँ पर सार्वजनिक क्षेत्र के कई कार्यकर्ताओं से सेवायोजकों (एम्प्लॉइअर) या सरकार से अतिरिक्त सेवानिवृत्ति योगदान की माँग करने से पहले अपने भावी लाभों में कटौती के लिए कहा जाएगा। वर्तमान में सेवानिवृत्त लोग अप्रभावित रहेंगे।

सन् 2012 का बजट सन् 2017-18 तक बजट को संतुलित रखने के लिए सशक्त कारवाई प्रस्तावित करता है, जिसमें शामिल हैं:

- अगले तीन वर्षों में $4.9 बिलियन की बचत कार्यन्वित करना
- जब तक बजट संतुलित न हो जाए तब तक सामान्य कॉर्पोरेट आयकर (Corporate Income Tax) और व्यावसायिक शिक्षा कर (Business Education Tax) की दर में कटौतियों को स्थिर रखना

…/2

- ओन्टारियो क्लीन एनर्जी बैनीफिट(Ontario Clean Energy Benefit) की अधिकतम सीमा 3,000 किलोवॉट (kWh) प्रति माह निर्धारित करना
- ओन्टारियो ड्रग बैनीफिट (Ontario Drug Benefit) कार्यक्रम को परिवर्तित करना — ताकि अधिकतम आय वाले— पाँच प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक अपने नुस्खों वाली दवा की लागतों के अपेक्षाकृत अधिक बड़े हिस्से का भुगतान करें
- यह सुनिश्चित करना कि ओन्टारियो के प्रयोक्ता शुल्क प्रबंधन करने वाले कार्यक्रमों और सेवाओं की लागत के अधिक बड़े हिस्से की पूर्ति करें
- MPPs के लिए वेतन स्थिरता को दो और वर्षों — यानी कुल पाँच वर्षों के लिए बढ़ाना
- अस्पतालों, विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, स्कूल बोर्डों और एजेंसियों के कार्यकारी अधिकारियों के लिए वेतन स्थिरता की अवधि दो वर्ष और बढ़ाना।

सन् 2011–12 के लिए अनुमानित घाटा $15.3 बिलियन है — जो एक वर्ष पहले की गई भविष्यवाणी की तुलना में $1 बिलियन कम है और इसमें सन् 2009 के शरद् में 2009–10 के लिए की गई घाटे की भविष्यवाणी की तुलना में 38 प्रतिशत से भी अधिक सुधार हुआ है। सन् 2012 के बजट में जिन उपायों को शामिल किया गया है, उनके बिना ओन्टारियो का घाटा सन् 2014–15 में $25 बिलियन तक पहुँच जाता। इसके बजाय, अब यह उस वित्तीय वर्ष में $10.7 बिलियन अनुमानित है।

सरकार अर्थव्यवस्था को और मज़बूत बनाने एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की अपनी प्राथमिकताओं पर अपना ध्यान केन्द्रित करना जारी रखेगी।

रोजगार और समृद्धि

एक ऐसे मज़बूत और विविधतापूर्ण ओन्टारियो का निर्माण करने के लिए, जो व्यापारिक क्षेत्र को नवाचार प्रवर्तनों में निवेश करने, उत्पादकता बढ़ाने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम रखे, सरकार निम्न कार्य करेगी:

- कई व्यापार समर्थक कार्यक्रमों को एक ऐसे रोजगार समृद्धि कोष (Jobs and Prosperity Fund) के रूप में सुदृढ़ करेगी, जो उत्पादकता वृद्धि और रोजगार सृजन पर केन्द्रित होगा और साथ ही सन् 2014–15 के लिए कुल $250 मिलियन की बचत सृजित करेगा
- एक बहु-हितधारक (multi-stakeholder) कार्य और समृद्धि परिषद (Jobs and Prosperity Council) स्थापित करेगी जो सरकार को ओन्टारियो की उत्पादकता बढ़ाने, और ओन्टारियो की उत्पादकता एवं नवाचार प्रवर्तनों के संबंध में एक शोध कार्यक्रम का नेतृत्व करने के संबंध में परामर्श देगी
- प्रासंगिक मंत्रालयों की व्यापार को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों को सरल एवं कारगर बनाकर तथा परस्पर समन्वित कर ओन्टारियो के निर्यात को उदीयमान अर्थव्यवस्थाओं के बीच विविधता प्रदान करेगी।

ज्ञान और कौशल

सरकार ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में भावी समृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्राप्त कार्यबल को प्राप्त करने की अपनी योजना का कार्यान्वयन निम्नलिखित उपायों के माध्यम से जारी रखेगी:

- पूर्ण-दिवसीय किंडरगार्टन सितम्बर 2014 तक पूरी तरह से लागू करना
- प्रारंभिक कक्षाओं में कक्षा के आकार को सीमित करके
- अनुदान की पात्रता रखने वाले विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के पूर्णकालिक स्नातकपूर्व छात्रों को 30% ओन्टारियो ट्यूशन छूट (30% Off Ontario Tuition) अनुदान उपलब्ध कराने के वादे पर कायम रहकर
- वर्तमान रोजगार मार्केट के प्रति अधिक उत्तरदायी बनाने के लिए सरकार के सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और एकीकृत करके।

स्वास्थ्य देखभाल को रूपांतरित करना

सरकार निम्नलिखित उपायों के जरिए एक दीर्घकालिक और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का निर्माण करने के लिए ओन्टारियो की स्वास्थ्य देखभाल कार्य योजना (Ontario's Action Plan for Health Care) बनाएगी:

- व्यय वृद्धि की दर को घटाकर आगामी तीन वर्षों तक औसतन 2.1 प्रतिशत वार्षिक तक लाने के लिए स्वास्थ्य देखभाल को रूपांतरित करके
- रोगियों की चिकित्सा अस्पतालों के बजाय, उपयुक्त वैकल्पिक व्यवस्थाओं (सेटिंग्स), जैसे कि लाभार्जन न करने वाले क्लिनिकों (non-profit clinics) और घर पर करने के लिए समुदाय आधारित देखभाल को बढ़ावा देकर
- देखभाल की मूल्यवत्ता और गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए रोगी केन्द्रित फंडिंग मॉडल की ओर बढ़कर।

उद्धरण (Quotes)

"हम यह सुनिश्चित करने के लिए सही विकल्पों का चुनाव कर रहे हैं कि ओन्टारियो के परिवार टैक्स के तौर पर अदा किए गए डॉलरों के बदले सर्वश्रेष्ठ संभावित सेवा और मूल्यवत्ता प्राप्त कर रहे हैं। बजट को संतुलित करने में हम सबको भूमिका निभानी है।"
- ड्वाइट डंकन (Dwight Duncan), वित्त मंत्री

"एक सुदृढ़ ओन्टारियो के निर्माण के लिए सशक्त कारवाई की आवश्यकता है। हम उन अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धियों को संरक्षित करने के लिए सही विकल्पों का चुनाव करेंगे जिन्हें हमने साथ मिल कर अर्जित किया है। हम जब भी इन विकल्पों का चुनाव करेंगे तब प्रत्येक बार — हम शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल को संरक्षित करेंगे।"
- ड्वाइट डंकन (Dwight Duncan), वित्त मंत्री

तथ्यों का सिंहावलोकन (क्विक फैक्टस)

- सन् 2012 के बजट में प्रस्तावित उपायों के परिणामस्वरूप, कोई कारवाई न किए जाने की स्थिति में सन् 2014–15 में जितना घाटा होता, अब उसकी तुलना में $22.1 बिलियन कम घाटा होगा।
- सन् 2012 के बजट में नए राजस्व की जो रूपरेखा (आउटलाइन) बनाई गई है, उसमें प्रत्येक डॉलर पर बचत और लागत सीमित करने वाले उपायों से संबंधित चार डॉलरों का प्रावधान किया गया है।
- आगामी तीन वर्षों में कार्यक्रम संबंधी व्यय को कुल $17.7 बिलियन तक घटाने के लिए किए गए उपायों में, यदि स्थिति अन्य प्रकार की होती तब की तुलना में ये शामिल हैं:
  - पारस्परिक व्यापन (ओवरलैप) और दुहराव को दूर कर $4.9 बिलियन की योजनाबद्ध बचत और अधिक कुशल सुपुर्दगी मॉडल्स का कार्यान्वयन और बुनियादी व्यापार पर ध्यान केन्द्रित करना
  - स्कूल बोर्डों, चिकित्सकों और सरकारी कर्मचारियों (पब्लिक सर्वेन्ट्स) को दिए जाने वाले मुआवज़े को सीमित करने के लिए सरकारी कारवाईयों हेतु $6 बिलियन
  - अपेक्षाकृत अधिक विस्तृत समूचे सार्वजनिक क्षेत्र में लागतों को नियंत्रित करने के लिए $6.8 बिलियन।
- ओन्टारियो की अर्थव्यवस्था में सन् 2012 में 1.7 प्रतिशत, सन् 2013 में 2.2 प्रतिशत और सन् 2014 में 2.4 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है।
- सन् 2011 में, ओन्टारियो में 121,000 से अधिक नौकरियों सृजित की गईं — पूर्णकालिक नौकरियों की संख्या में 123,400 की वृद्धि हुई।
- ओन्टारियो की ऋण सर्विसिंग की लागत $10 बिलियन है, जो स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के बाद की तीसरी सबसे बड़ी लागत है। इसे सही परिप्रेक्ष्य में रखने पर, यह स्थिति प्रदर्शित होती है कि ओन्टारियो प्रतिवर्ष कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की तुलना में ब्याज पर अधिक ख़र्च करता है।

…/4

- ब्याज दर में एक प्रतिशत की वृद्धि होने पर, ऋण सेवा लागत वृद्धि के प्रथम वर्ष में $467 मिलियन बढ़ जाती है। यदि बजट को संतुलित करने के लिए कोई कारवाई नहीं की जाती है, तो ओन्टारियो सन् 2017–18 में ऋण की सर्विसिंग पर लगभग उतना ही ख़र्च करेगा जितना कि वह इस समय शिक्षा पर ख़र्च करता है।
- फरवरी 2012 में, कनाडा के कॉन्फ्रेंस बोर्ड (Conference Board of Canada) ने परामर्श दिया कि यदि व्यय में वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए कोई कारवाई नहीं की गई, तो सन् 2017–18 में ओन्टारियो का घाटा $16 बिलियन तक पहुँच सकता है। समान ढंग के पूर्वानुमानों के आधार पर ओन्टारियो के सार्वजनिक सेवा सुधार आयोग (Commission on the Reform of Ontario's Public Services) ने आकलन किया कि घाटा $30 बिलियन तक भी पहुँच सकता है।
- सन् 2011–12 में, ओन्टारियो का प्रतिव्यक्ति अनुमानित कार्यक्रम व्यय $8,560 है। यह सभी प्रांतों से कम है और अन्य 9 प्रांत सरकारों द्वारा किए जाने वाले औसत व्यय से 11 प्रतिशत कम हैं।
- ओन्टारियो प्रांतीय सरकार के कर्मचारियों की सबसे कम संख्या की सहायता से सरकारी सेवाएँ उपलब्ध कराता है।

और अधिक जानें

सन् 2012 का ओन्टारियो बजट पढ़ें।

ओन्टारियो द्वारा किए जाने वाले व्यय प्रबंधन उपायों के बारे में और अधिक जानें।

सन् 2012 के ओन्टारियो बजट (2012 Ontario Budget) की पृष्ठभूमि से संबंधित सूचनाओं के बारे में पढ़ें:
- ओन्टारियो का आर्थिक दृष्टिकोण और वित्तीय योजना
- सार्वजनिक क्षेत्र संबंधी मुआवज़ा
- बजट संतुलित करना
- निष्पक्ष और कुशल दवा प्रणाली

2012 के ओन्टारियो बजट की मुख्य विशेषताओं (हाईलाइट्स) को पढ़ें।

केवल मीडिया की पूछताछ के लिए:
अलाइ वितुन्स्की (Aly Vitunski), मंत्री का ऑफ़िस, 416-325-9819
स्कॉट ब्लॉजेट (Scott Blodgett), वित्त मंत्रालय, 416-325-0324

ontario.ca/finance-news
HINDI

सार्वजनिक पूछताछ के लिए कॉल करें:
1-800-337-7222
TTY: 1-800-263-7776